1. ऊँट चला

ऊँट चला, भई ऊँट चला
हिलता डुलता ऊँट चला।

इतना ऊँचा ऊँट चला
ऊँट चला, भई ऊँट चला।

ऊँची गर्दन, ऊँची पीठ
पीठ उठाए ऊँट चला।



© NCERT not to be republished

बालू है, तो होने दो
बोझ ऊँट को ढोने दो।

नहीं फँसेगा बालू में
बालू में भी ऊँट चला।

जब थककर बैठेगा ऊँट
किस करवट बैठेगा ऊँट?

बता सकेगा कौन भला
ऊँट चला, भई ऊँट चला।

© NCERT not to be republished

झटपट कविता पढ़ कर मज़ा लो।

....

कुछ ऊँट ऊँचा
कुछ पूँछ ऊँची
कुछ ऊँचे ऊँट की
पीठ ऊँची

अब जल्दी-जल्दी बोलकर देखो। जीभ लड़खड़ा गई न!
कैसी लगी कविता? अब इस कविता को अपने मन से नाम दो।
ऊपर दी गई जगह में लिख भी दो।

रेगिस्तान

- ऊँट रेगिस्तान में ज़्यादा मिलते हैं। नीचे दो चित्र बने हैं। सही जगह पर ऊँट का चित्र बनाओ।

- बालू या रेत कहाँ-कहाँ पर मिलती है?

© NCERT not to be republished

कितना

> हिलता डुलता ऊँट चला
> *इतना ऊँचा ऊँट चला*

अब बताओ

- **ऊँट कितना ऊँचा?**

तुम्हारी कक्षा की दीवार	हाथी जितना	बिजली के खंभे जितना	.... जितना

- **हाथी कितना मोटा?**

तुम्हारी माँ के संदूक जितना	ऊँट जितना	पहाड़ जितना	.... जितना

- **चींटी कितनी छोटी?**

चीनी के दाने जितनी	चावल के दाने जितनी	इलायची के दाने जितनी	.... जितनी

कुछ ऊँचा कुछ नीचा

(क) ऊँट से ऊँची चीज़ों के नाम पर गोला लगाओ।

- बछिया
- तुम्हारी कक्षा की छत
- बिजली का खंभा
- हाथी
- आम का पेड़

(ख) ऊँट के नीचे से क्या-क्या निकल सकता है?

(ग) किन-किन चीज़ों की मदद से ऊँट पर चढ़ोगे?



© NCERT not to be republished

सफ़र का सामान

ऊँची गर्दन, ऊँची पीठ,
पीठ उठाए ऊँट चला

बताओ, ये सब क्या उठाकर चलेंगे–

हाथी	....	....	....
टीचर जी	....	....	....
पिताजी	....	....	....
शेर	....	....	....
दादा जी	....	....	....



अलग-अलग घर

- नीचे कुछ शब्द लिखे हैं। इन्हें बोलकर देखो। अब मिलते-जुलते शब्दों को सही खानों में लिखो।

जूट, सूट, भला, धँस, हँस, तब, कब, गला, आलू, चालू

ऊँट	बालू	फँस	चला	जब
जूट	....	....	....	....
....	....	....	....	....
....	....	....	....	....

- ऐसे ही और शब्द सोचकर लिखो।

© NCERT not to be republished

अक्षर की बात

- कविता में **ब** से शुरू होने वाले शब्द कौन-कौन से हैं? उनके नीचे रेखा खींचो।
- तुम्हारा नाम किस अक्षर से शुरू होता है? उस अक्षर से चार शब्द और लिखो।

....

....

बोझा

बालू है तो होने दो
बोझ ऊँट को ढोने दो

- बहुत से जानवरों को बोझा ढोने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। क्या तुम्हें यह ठीक लगता है? क्यों?
- तुम्हारे आसपास कौन-कौन बोझ उठाते हैं ?

कविता बढ़ाओ

अक्की बक्की
करें तरक्की

....

....

....

....

© NCERT not to be republished

कितने ऊँट

- इस कविता में कुल कितनी बार **ऊँट** शब्द आया है? बिना देखे बताओ।

  .... बार

- नीचे चित्र में कितने ऊँट छिपे हैं? ध्यान से देखकर बताओ।